भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1526
जिसका उत्तर 15 दिसंबर, 2022 को दिया जाना है ।

बिजली का उत्पादन

1526. श्री परबतभाई सवाभाई पटेलः
श्री नारणभाई काछड़िया:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में बिजली का उत्पादन बढ़ाने की योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (ग) : विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 3(4) यह निर्दिष्ट करती है कि, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) राष्ट्रीय विद्युत नीति के अनुसार राष्ट्रीय विद्युत योजना तैयार करेगी और ऐसी योजना को पांच वर्ष में एक बार अधिसूचित करेगा। तद्नुसार, सीईए ने राष्ट्रीय विद्युत योजना तैयार की है जिसमें वर्ष 2017-22 के लिए विस्तृत योजना और वर्ष 2022-27 के लिए भावी योजना शामिल की गई है।

विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष 2022-23 के दौरान देश में विभिन्न स्रोतों से वार्षिक विद्युत उत्पादन के ब्यौरे **अनुबंध** में दिए गए हैं।

****

<u>अनुबंध</u>

लोक सभा में दिनांक 15.12.2022 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1526 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष 2022-23 (नवंबर, 2022 तक)* के दौरान देश में विभिन्न स्रोतों से उत्पादन के ब्यौरे

सभी आंकड़े मिलियन यूनिट (एमयू) में

वर्ष	**उत्पादन**
2019-20	1389121
2020-21	1381855
2021-22	1491859
2022-23 (नवंबर, 2022 तक)*	1091850

*वास्तविक-सह-आकलन पर आधारित अनंतिम

****